an>

Title: Regarding acute shortage of water in Allahabad, Uttar Pradesh.

श्री श्यामा चरण गुप्त (इलाहाबाद) : अध्यक्ष महोदया, उत्तर प्रदेश में बुन्देलखंड की शुरूआत मेरे संसदीय क्षेत्र के शंकरगढ़, इलाहाबाद की सीमा से शुरू हो जाती है। विन्ध्य पहाड़ी पर स्थित मेरे संसदीय क्षेत्र में खीरी, लेंडियारी, कोरांव तथा शंकरगढ़ की भौगोलिक परिस्थितियां बुन्देलखंड जैसी ही हैं। वर्तमान में टैंकरों से पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। बुन्देलखंड से लगे मेरे संसदीय क्षेत्र के इलाके में पेयजल एवं मवेशियों आदि हेतु जल तथा अन्य सुविधाएं, जो बुन्देलखंड निवासी को मिलती हैं, उपरोक्त सुविधाएँ मेरे संसदीय क्षेत्र के हिस्से के लोगों को भी उपलब्ध कराये जाने का कष्ट किया जाये।

माननीय अध्यक्ष :

श्री सुधीर गुप्ता और

कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री श्यामा चरण गुप्त द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।